हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 1 नवंबर 2025



06 नाबालिग से छेड़छाड़ मामले में कोर्ट ने सुनाया...





09 सर्वे में लापरवाही पर पटवारी निलंबित ...






## खबर संक्षेप



### आंवला नवमी मनाई


**सागर।** वी क्लब गोल्ड के तत्वावधान में महिलाओं ने तिलकगंज में आंवला नवमी पर आंवले के पेड़ की पूजा कर आंवले के औषधीय गुणों पर चर्चा की। समारोह में पूनम मेवाती, सीमा गुप्ता, नीलू केसरवानी, नीता केसरवानी, कुसुम केसरवानी, रेखा चौरसिया राखी नामदेव, प्रीति केसरवानी आदि उपस्थित रहीं।

### नगर निगम के दो कर्मचारी हुए सेवानिवृत

**सागर।** नगर निगम के विभिन्न शाखाओं में कार्यरत 2 कर्मचारियों के सेवानिवृत होने पर नगर निगम सभा कक्ष में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सम्मान समारोह में नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार ने एम आई सी सदस्य धर्मेन्द्र खटीक, उपायुक्त एस एस बघेल, स्वच्छता अधिकारी राजेश सिंह राजपूत ने सेवानिवृत कर्मचारी राकेश उपाध्याय सेंट्रल स्टोर एवं सुशीला बाई करोसिया सफाई संरक्षक को शाल श्रीफल एवं पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया तथा उनके उज्वल एवं स्वस्थ जीवन के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर कार्यालय अधीक्षक मनोज अग्रवाल, लेखाधिकारी हर्ष केसरवानी, अभिषेक तिवारी, शरद ठाकुर,सुरेश विश्वकर्मा, बृजेश गोस्वामी, मनोज तिवारी राजेश नापित,नगर निगम कर्मचारी कल्याण मोर्चा के अध्यक्ष हरेंद्र खटीक, उपाध्यक्ष शकुंतला गोस्वामी,संजय सोनी, कल्पना श्रीवास्तव, पूजा श्रीवास्तव, देवेंद्र गर्ग, अरविंद सोनी, गोस्वामी, मुन्नालाल रैकवार, बृजेश नापित सहित विभिन्न शाखाओं के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### सेवानिवृत कर्मचारी जीवन प्रमाण पत्र पेंशन शाखा में जमा करें

**सागर।** नगर पालिक निगम सागर के ऐसे सेवानिवृत्त कर्मचारी पेंशन का लाभ ले रहे हैं उन्हें अपना जीवन प्रमाण पत्र 25 नवम्बर के पूर्व नगर पालिक निगम की पेंशन शाखा में आवश्यक रूप से करना अनिवार्य है। जीवन प्रमाण पत्र जमा न करने की स्थिति में पेंशन पाने वाले सेवानिवृत कर्मचारियों को माह नवंबर की पेंशन का भुगतान नहीं किया सकेगा। जिसके लिये पेंशनर स्वयं जिम्मेवार होंगे। इसके साथ ही वर्ष 2015 के पूर्व सेवानिवृत्त हुए पेंशनर्स को नगर निगम की पेंशन शाखा में फार्म भरकर जमा करना है एवं 2015 के बाद सेवानिवृत्त हुए कर्मचारी जिनको पीपीओ नंबर प्राप्त है उन्हें स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में फार्म भरना अनिवार्य है। नगर निगम के सेवानिवृत कर्मचारी जीवन प्रमाण पत्र पेंशन शाखा में जमा करें।



### एकता दिवस के अवसर पर किया गया पौधरोपण

**सागर।** सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती एवं एकता दिवस के अवसर पर संभाग कमिश्नर कार्यालय में संभाग आयुक्त अनिल सुचारी, अपर आयुक्त पवन जैन सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा कार्यालय परिसर में पौधरोपण किया गया। संभाग आयुक्त अनिल सुचारी ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार आज एकता दिवस के अवसर पर कार्यालय परिसर में सभी अधिकारी-कर्मचारियों ने सहभागिता करते हुए पौधरोपण किया। उन्होंने कहा कि पौधरोपण करने के साथ ही सभी ने उन्हें संरक्षित करने की शपथ ली।

---

**मतदाताओं के घर-घर बीएलओ 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक सर्वे का कार्य करेंगे**

# गणना पत्रक भरते समय मतदाता से किसी भी प्रकार का कोई दस्तावेज नही लिया जाए: कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

समस्त संबंधित निर्वाचन से जुड़े अधिकारी भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अक्षरशः पालन करते हुए कार्य करें एवं यह स्पष्ट रहे कि गणना पत्रक भरते समय मतदाता से किसी भी प्रकार का कोई दस्तावेज नही लिया जाएगा जिला सहित समस्त अनुविभाग स्तर पर कंट्रोल रूम हेल्प डेस्क स्थापित करें। उक्त निर्देश कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी आर ने जिले के समस्त निर्वाचन से जुड़े अधिकारियों जिनमें अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश रावत, नगर निगम कमिश्नर राजकुमार खत्री, एसडीएम तहसीलदार नायब तहसीलदार सहित अन्य अधिकारियों को विशेष गहन पुनरीक्षण से संबंधित दिशा-निर्देश देते हुए दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि गणना पत्रक भरते समय मतदाता से किसी भी प्रकार का कोई दस्तावेज नही लिया जाएगा। भरा हुआ गणना पत्रक मतदाता के तथा बीएलओ के हस्ताक्षर प्राप्त गणना पत्रक एक मतदाता के पास तथा दूसरा



पत्रक बीएलओ के पास रहेगा। जिला सहित समस्त अनुविभाग स्तर पर कंट्रोल रूम हेल्प डेस्क स्थापित करें।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी आर ने निर्देश दिए कि निर्वाचन आयोग के कार्य को अधिकारीगण गंभीरता से लें और काम में लापरवाही नहीं बरती जाए। विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य की कार्यवाही के संबंध में जिले में व्यापक प्रचार प्रसार कराया जाए। बीएलओ मतदाताओं के घर-घर जाकर 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक सर्वे का कार्य करेंगे।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी आर ने निर्देश दिए है कि आयोग के निर्देशों का समयसीमा में कड़ाई से पालन किया जाना सुनिश्चित करे। उन्होंने ने बताया कि प्रारंभिक मतदाता सूची का प्रकाशन 9 दिसम्बर को होगा और अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 7 फरवरी को किया जाएगा। दावे और आपति प्राप्त करने की तिथि 9 दिसम्बर से 8 जनवरी तक रहेगी। दावे एवं आपत्तियों का निराकरण 9 दिसम्बर से 31 जनवरी तक किया जाएगा।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी आर ने निर्देश दिए है कि भारत निर्वाचन आयोग की मंशानुरुप निर्देशों को अक्षरश-निर्धारित समयावधि में काम पूरा किया जाए। आयोग द्वारा दिए गए समस्त कार्य समय सीमा में पूर्ण करना सुनिश्चित करें।



### महापौर ने जलप्रदाय विभाग की समीक्षा बैठक ली

**सागर।** महापौर संगीता सुशील तिवारी ने जलप्रदाय शाखा की समीक्षा बैठक ली। बैठक में महापौर ने कहा कि कई स्थानों पर अभी भी डबल पाइप लाइनों से पेयजल सप्लाई की जा रही है टाटा द्वारा बिछाई गई पाइप लाइन से पेयजल सप्लाई होने के बाद भी पुरानी पाइप लाइन को बंद नहीं किया गया है। जिससे पेयजल का अपव्यय हो रहा है। इसलिए एक सप्ताह के अंदर ऐसी सभी पाइपलाइनों को चिन्हित कर बंद करने की कार्रवाई की जाए। इसके अलावा पेयजल सप्लाई का टाईम टेबिल निश्चित न होने से लोगों को अनावश्यक रूप से परेशान होना पड़ता है इसलिए पेयजल सप्लाई का समय निश्चित किया जाए । महापौर ने कहा कि जिन स्थानों पर डायरेक्ट बूस्टिंग के माध्यम से पेयजल की सप्लायी की जा रही है उन स्थानों पर टंकी के माध्यम से पेयजल की सप्लायी करना सुनिश्चित करें। उन्होने दयानंद वार्ड सहित जिन-जिन वार्डो में प्रेशर की समस्या आ रही है, उसे चेक करें और तत्काल ठीक करें जिससे लोगों को सुगमता से पेयजल उपलब्ध हो सकें। सूबेदार वार्ड शीतला माता मंदिर के पास टाटा की नई पाईप लाईन न बिछायी जाने से टंकी से पेयजल की सप्लायी नहीं हो पा रही है अतः 150 मीटर पाईप लाईन बिछायी जाये जिससे पानी की टंकी से पेयजल की सप्लायी की जा सकें।

## राष्ट्रीय एकता दिवस पर दौड़ का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर आज राष्ट्रीय एकता दिवस सागर जिले में उत्साह एवं गर्व के साथ मनाया गया। इस अवसर पर एकता दौड़ (रन फॉर युनिटी) का भव्य आयोजन किया गया, जिसे मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने एकता दिवस के भव्य कार्यक्रम में उपस्थित सभी को एकता दिवस की शपथ दिलाई एवं हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। एकता दौड़ के शुभारंभ कार्यक्रम में कलेक्टर संदीप जी.आर., जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव उइके तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेश कुमार सिन्हा, एसडीएम सागर अमन मिश्रा, नगर पुलिस अधीक्षक सागर ललित कश्यप, नगर पुलिस अधीक्षक मकरोनिया अजय सनकत, शहर के सभी थाना प्रभारी, पुलिस अधिकारी सहित बड़ी संख्या में, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं प्रतिभागी उपस्थित रहे।मंत्री राजपूत ने अपने




संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय एकता, अखण्डता एवं सुरक्षा को बनाए रखना प्रत्येक नागरिक का सर्वोच्च कर्तव्य है। सरदार पटेल ने देश के एकीकरण में ऐतिहासिक एवं अद्वितीय योगदान दिया है, जिसे आज पूरे देश में श्रद्धापूर्वक स्मरण किया जा रहा है। पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बीना डॉ. संजीव उइके तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सागर लोकेश कुमार सिन्हा के निर्देशन में सागर पुलिस द्वारा शहर में मुख्य कार्यक्रम के साथ साथ सभी अनुविभागीय मुख्यालय एवं जिले के सभी थाने में सफलतापूर्वक आयोजित की गई। इस दौड़ में शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के युवा खिलाड़ी, विद्यालय एवं महाविद्यालयों के छात्र-छात्राएं, एनसीसी एवं एनएसएस कैडेट्स, नगर एवं ग्राम रक्षा समिति के सदस्य, सृजन समूह की बालिकाएं, अभिमन्यु सामुदायिक पुलिस के बालक, पुलिस अधिकारी-कर्मचारी तथा विशेष सशस्त्र बल के जवानों सहित बड़ी संख्या में नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### कार्यशाला में विद्यार्थियों ने सीखी प्लेसमेंट तैयारी की रणनीतियां

**सागर।** डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट एवं स्टार्टअप सेल तथा बेंगलुरु स्थित उन्नति फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान न में चल रहे एम्प्लॉयबिलिटी ट्रेनिंग प्रोग्राम का समापन विश्वविद्यालय के इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के निदेशक प्रो. आशीष वर्मा, प्लेसमेंट और स्टार्टअप सेल के समन्वयक डॉ. अभिषेक बंसल एवं उन्नति फाउंडेशन की ट्रेनर डॉ. साहिबा नासिर की उपस्थिति में किया गया। अपने उद्बोधन में प्रो. आशीष वर्मा ने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम छात्रों के भविष्य निर्माण में अत्यंत सहायक सिद्ध होंगे। उन्होंने इस कार्यक्रम की सराहना की तथा छात्रों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि प्लेसमेंट की तैयारी हेतु ऐसे कार्यक्रम महत्वपूर्ण मंच प्रदान करते हैं। यह प्रयास विद्यार्थियों में आत्मविश्वास और प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता को बढ़ाएगा। कार्यक्रम की अतिथि उन्नति फाउंडेशन की ट्रेनर डॉ. साहिबा नासिर विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहीं। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम द्वारा स्पोकन इंग्लिश, प्रभावी संचार, जीवन कौशल, व्यक्तिगत विकास, आत्मविश्वास निर्माण, सार्वजनिक भाषण और मॉक इंटरव्यू गतिविधियाँ आयोजित की गईं। इस कार्यक्रम द्वारा छात्रों के सर्वांगीण विकास में मदद मिलेगी। इस अवसर पर प्लेसमेंट और स्टार्टअप सेल के समन्वयक डॉ. अभिषेक बंसल ने बताया कि यह 30 दिवसीय प्रशिक्षण प्रतिदिन तीन घंटे की गतिविधि-आधारित सत्रों के माध्यम से संचालित हुआ। प्रशिक्षण समापन कार्यक्रम पर विद्यार्थियों को ₹उद्योगम पोर्टल₹ के माध्यम से रोजगार के अवसरों के बारे में भी बताया गया। इस अवसर पर इस कार्यक्रम में यू.जी.. पी.जी. के फाइनल ईयर के लगभग 75 छात्र-छात्राएँ शामिल हुए।

### मुख्यमंत्री गोसेवा योजनांतर्गत गोशालाओं की समीक्षा बैठक संपन्न

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी.आर. के निर्देशों के पालन में मुख्यमंत्री गोसेवा योजना अंतर्गत संचालित गोशालाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। गोशालाओं की आय बढाने एवं आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से जिले की समस्त गोशालाओं से मिल्क कलेक्शन, बुन्देलखण्ड दुग्ध संघ के माध्यम से किया जावेंगा। इसके लिए गोशालाओं में प्रतिदिवस उत्पादित दुग्ध का विक्रय संबंधित एजेंसी से करने एवं सभी महिला स्वसहायता समूहों को गोशालाओं में दुधारू गौवंश बढाने के लिए पशुपालन विभाग की आंचार्य विद्यासागर गोसंवर्धन योजना के आवेदन तैयार करने के निर्देश दिए गए।बैठक में बलराम सिंह ठाकुर जिला नोडल अधिकारी जिला गोपालन एवं पशुधन सवर्धन समिति सागर, अनूप तिवारी कृषि प्रबंधक आजीविका मिशन समस्त वि.ख. प्रबंधक आजीविका मिशन एवं सभी महिला स्वसहायता समूह सदस्य शासकीय गोशाला संचालनकर्ता उपस्थित थे।

**शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में अभिनवगुप्त 2 दिवसीय संगोष्ठी का समापन**

# आचार्य परंपराओं ने भारत के सॉफ्टवेयर को मजबूत किया, जिसकी बदौलत हम आतंकवाद और विदेशी हमलों के बाद भी बचे रहे : कुलगुरु डॉ तिवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

पं. दीनदयाल उपाध्याय शासकीय कला एवं वाणिज्य (अग्रणी) महाविद्यालय, सागर के हिंदी विभाग द्वारा भारतीय ज्ञान परंपरा में महामाहेश्वर अभिनवगुप्त का योगदान विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुक्रवार 31 अक्टूबर को महाविद्यालय के आदिगुरु शंकराचार्य सभागार में समापन हुआ। इस संगोष्ठी का केंद्रीय उद्देश्य कश्मीर के महान दार्शनिक, तत्त्वज्ञ, सौन्दर्यशास्त्री एवं योगी महामाहेश्वर अभिनवगुप्त (950-1016 ई.) के अद्भुत योगदान को भारतीय ज्ञान परंपरा की दृष्टि से पुनः समझना और समकालीन परिप्रेक्ष्य में उनके विचारों की प्रासंगिकता पर विमर्श करना था।द्वितीय दिवस का उद्घाटन सत्र पं. माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विश्वविद्यालय, भोपाल के कुलगुरु डॉ. विजय मनोहर तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। उच्च शिक्षा विभाग के क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक डॉ. नीरज दुबे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. जी एस चौबे रहे। सत्र के शुभारंभ पर प्राचार्य डॉ. सरोज गुप्ता ने अतिथियों का स्वागत उद्बोधन देते हुए अभिनवगुप्त के व्यक्तित्व कृतित्व पर प्रकाश डाला।




संगोष्ठी के संयोजक डा अवधेश प्रताप सिंह ने संगोष्ठी के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। विचार सत्र में डॉ. किरन आर्या, डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर, ईएमआरसी सागर के निदेशक डॉ. पंकज तिवारी, इंक मीडिया पत्रकारिता संस्थान, सागर के निदेशक डॉ. आशीष द्विवेदी, वरिष्ठ पत्रकार सूर्यकांत पाठक व कार्टूनिस्ट अम्बिका यादव सहित देश के विभिन्न राज्यों के विद्वान, शोधार्थी एवं प्राध्यापक सम्मिलित हुए। विचार सत्र का संचालन सेमिनार के सचिव डा राना कुँजर सिंह ने किया। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के अध्यक्ष कुलगुरु डॉ. विजय मनोहर तिवारी ने अपने वक्तव्य में कहा कि पिछले 1000-1200 वर्षों की भयानक अंधेरे के दौर से निकलकर 15 अगस्त 1947 को अपनी मूल पहचान के साथ जागना श्दुनिया का सबसे बड़ा चमत्कारश है। उन्होंने कहा कि इन आचार्य परंपराओं ने भारत के श्सॉफ्टवेयरश को मजबूत किया, जिसकी बदौलत आतंकवाद और विदेशी आताताइयों के हमलों के बाद भी हम बचे रहे। उन्होंने छात्रों को भारत के पिछले 1000-1200 वर्षों का इतिहास, खासकर अध्यात्म और स्थापत्य के संदर्भ में पढ़ने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि डॉ. नीरज दुबे ने सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा का सच्चा सार ज्ञान के निरंतर प्रवाह में निहित है। उन्होंने अभिनवगुप्त को इस परंपरा का शिखर बताते हुए कहा कि उन्होंने विभिन्न विचारधाराओं का संश्लेषण किया। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा पी.एम. ऊषा योजना के तहत आयोजित ऐसी संगोष्ठियाँ युवाओं को इन गहन स्वदेशी बौद्धिक विरासतों से जोड़ने और उच्च शिक्षा पाठ्यक्रम में इन्हें एकीकृत करने के लिए महत्वपूर्ण हैं।

जे एन यू दिल्ली के संस्कृत विभागाध्यक्ष डा रजनीश मिश्रा ने ईश्वरप्रत्यभिज्ञाविमर्शिनी के साथ अभिनव गुप्त के दर्शन पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि वक्ता डॉ. जी एस चौबे ने अभिनवगुप्त के दर्शन को स्वास्थ्य से जोड़ते हुए कहा कि उनके शैव दर्शन में शिव और जीव में कोई अंतर नहीं होता। उन्होंने विमर्श (आत्म-चिंतन) और चेतना की संतुलित अवस्था (शांत रस) की अवधारणाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि ये सीधे मानव स्वास्थ्य और तनाव प्रबंधन को प्रभावित करती हैं। डा किरन आर्या ने अभिनवगुप्त के नवम श्शांत रसश के योगदान और उनके दर्शन के अनूठे सिद्धांत कि श्ब्रह्म और जगत दोनों सत्य हैंश पर प्रकाश डाला था।




### डॉ सिन्हा पीजी कॉलेज गढ़ाकोटा से हुए सेवानिवृत्त

**गढ़ाकोटा।** सागर जिले के शासकीय पी०जी० कॉलेज गढ़ाकोटा के प्राचार्य डॉ एके सिन्हा 31 अक्टूबर को सेवानिवृत्त हुये। इस अवसर पर शासकीय पीजी कॉलेज गढ़ाकोटा में रहली विधानसभा के क्षेत्रीय विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री पंडित गोपाल भार्गव के मुख्य आतिथ्य में उनका सेवानिवृत्ति समारोह आयोजित हुआ। डॉ सिन्हा ने गढ़ाकोटा पीजी कॉलेज में लगभग 23 वर्ष अपनी सेवाएं दी। उनके विदाई समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री पंडित गोपाल भार्गव ने कहा कि शिक्षक को सेवानिवृत्ति के बाद भी ज्ञान से जुड़ा रहना चाहिए। वहीं दूसरी ओर नव नियुक्त प्राचार्य डॉ घनश्याम भारती को आगे महाविद्यालय में बेहतर कार्य करने हेतु अपनी शुभकामनाएं दीं। विशिष्ट अतिथि जन भागीदारी समिति अध्यक्ष शमिक कुमार शर्मा ने इस अवसर पर अपना उद्बोधन देते हुए कहा कि डॉ सिन्हा ने गढ़ाकोटा महाविद्यालय में लंबे समय तक सेवाएं देकर कई महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। वर्तमान प्राचार्य डॉ०घनश्याम भारती ने समस्त आमंत्रित अतिथियों का स्वागत अपने भाषण में किया। कार्यक्रम का संचालन विक्की जैन ने किया। सेवानिवृत्ति समारोह मे गढ़ाकोटा नगर पालिका परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी,जनभागीदारी समिति सदस्य मनीष जैन,पुष्पेंद्र बर्मन, कलाम सर, पूनम सिन्हा, प्रिया आनंद, मुकुंद आनंद, डॉसुनील बाबू विश्वकर्मा, डॉ असलम खान, डॉ किशोरी सोनी, डॉ रेखा राय, पत्रकार बंधु तथा महाविद्यालय परिवार के समस्त शिक्षक तथा कर्मचारी उपस्थित थे।

### नगर निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई गई



**सागर।** मध्यप्रदेश शासन के आदेशानुसार 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर नगर निगम सभा कक्ष में नगर निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को एकता, अखंडता और सुरक्षा की भावना को मजबूती प्रदान करने के लिए शपथ दिलाई गई।



### राष्ट्रीय विद्वत संगोष्ठी, शपथ ग्रहण पुरस्कार समर्पण समारोह संपन्न

**सागर।** आचार्य श्री 108 विभव सागर महाराज ससंघ सान्निध्य में जैन कॉलोनी, नेमीनगर इंदौर में वर्णी संस्थान विकास सभा के तत्वावधान में राष्ट्रीय विद्वत संगोष्ठी एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम के प्रारंभ में मंगलाचरण पं.रमेश शास्त्री अहमदाबाद ने किया। संगोष्ठी अध्यक्षता पं.जीवंधर शास्त्री जबलपुर सारस्वत अतिथि पं. जयंत शास्त्री सीकर, डॉ अरविंद जैन इंदौर, पं. दीपचंद भोपाल, पं. गजेंद्र शास्त्री इंदौर मंचासीन रहे। कार्यक्रम का संचालन पं चंद्रेश शास्त्री भोपाल आभार पं. करोड़ी लाल वण्डा माना। कार्यक्रम में योगदृष्टा स्मारिका एवं वर्णी संदेश मासिक पत्रिका का विमोचन किया गया। संगोष्ठी में विद्वानों द्वारा वर्णी जी के व्यक्तित्व एवं आचार्य श्री विभव सागर महाराज के स्वर्ण जयंती पर भावांजलि पं.मनीष विद्यार्थी पं. राजकुमार कर्द, जिनेश शास्त्री इंदौर, राजकुमार शास्त्री जबलपुर, पं. अनिल जैन भोपाल, अरविंद शास्त्री सागर, पं.उदय चंद्र जैन विदिशा,मोहन जैन इंदौर,अपने लेख का वाचन किया एवं भावांजलि जी दी। आचार्य श्री द्वारा सभी नवीन पदाधिकारी एवं सदस्यों को शपथ दिलाई। वर्णी विकास सभा के लिए समर्पित रूप से कार्य करने वाले पं.कैलाश जैन शास्त्री टीला, अरविंद जैन महुना बण्डा, वर्णी विद्यालय मड़ावरा को राष्ट्रीय वर्णी प्रभावना पुरस्कार से सम्मानित किया गया।



### मक्का मदीना यात्रा पर जानें वालों का जत्था रवाना

**सागर।** मक्का मदीना की यात्रा यानि उमराह पर जा रहें यात्रियों का जत्था शुक्रवारी टौरी से मक्का मदीना के लिये रवाना हुआ। आफताब टूर्स एन्ड ट्रेवल्स के माध्यम से यात्रा पर जा रहें यात्रियों का फूल मालाओं और मिष्ठान खिलाकर आत्मीय स्वागत कर अमन चैन, सुख शान्ति की दुआ की कामना के साथ मक्का मदीना के लिये रवाना किया गया। यहां बता दें कि मक्का मदीना की यात्रा जिसे उमराह कहा जाता है जो इस्लाम धर्म में एक पवित्र धार्मिक तीर्थयात्रा है जिसमें मुस्लिम समुदाय के लोग सऊदी अरब के मक्का शहर में काबा की परिक्रमा ( तवाफ़ ) करते हैं और मदीना में मस्जिद ए नबी का दौरा करते हैं। इस यात्रा की तैयारी शारीरिक और मानसिक रूप से करनी होती है जिसमें उचित वेशभूषा (एहराम) और धार्मिक अनुष्ठानों का पालन शामिल है। सागर से मक्का मदीना की यात्रा पर जा रहें यात्रियों का मध्यप्रदेश शासन के पूर्व मंत्री सुरेन्द्र चौधरी,जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह मोहासा, पूर्व पार्षद राकेश राय, विजय साहू, आर आर परासर, अशरफ खान, शरद राजा सेन, एड.सुनील सिंह भदौरिया, एड.अकील सिद्दीकी, आई एम. खान, राजू बेगी, मुकेश खटीक, संदीप चौधरी, रशीद भाई, मुह.इस्लाम, न्याज अहमद, गुलाब अहिरवार, शैलेन्द्र कुमार, समीर खान आदि ने आत्मीय स्वागत कर रवाना किया।

## न्यायालय का सख्त रुख व फैसला अपराधियों के लिए सबक

# नाबालिग से छेड़छाड़ मामले में कोर्ट ने सुनाया सश्रम कारावास व आर्थिक दंड






हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

महिला एवं बाल सुरक्षा के प्रति सरकार और न्यायालय की गंभीरता एक बार फिर सामने आई है। विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट अदालत ने थाना सेंदरी, जिला निवाड़ी के एक गंभीर मामले में 27 वर्षीय आरोपी साबिर खान को दोषी करार देते हुए 3 वर्ष तक के सश्रम कारावास और अर्थदंड से दंडित किया है। जिसमें शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक नर्मदांजलि दुबे ने इस प्रकरण में अदालत के समक्ष सशक्त पैरवी की। जिसकी बदौलत आरोपी को सश्रम कारावास और आर्थिक दंड दोनों से दंडित किया गया।

## 6 माह तक अश्लील टिप्पणी व पीछा करने से पीड़ित थी नाबालिग


उक्त मामले में शासन की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक नर्मदांजलि दुबे द्वारा की गई। विशेष लोक अभियोजक नर्मदांजलि दुबे द्वारा घटनाक्रम के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि नाबालिग पीड़िता द्वारा थाना सेंदरी में लिखित आवेदन प्रस्तुत करते हुए शिकायत की गई थी कि आरोपी साबिर खान 6 माह से उसका पीछा कर रहा था और पीड़िता पर दोस्ती करने का लगातार दबाव डालते हुए अश्लील कमेंट करता था। और विरोध करने पर आरोपी साबिर खान ने पीड़िता को धमकी दी थी कि अगर उसने दोस्ती नहीं की तो उसे व उसके परिवारवालों को जान से मार डालेगा। पीड़िता की उक्त लिखित शिकायत पर महिला उप निरीक्षक प्रदीप लोधी द्वारा प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर उसके कथन लेखबद्ध किये गये। साथ ही पीड़िता अनुसूचित जाति वर्ग अंतर्गत आने से मामले की विवेचना थाना सेंदरी में पदस्थ निरीक्षक मुकेश सिंह को सौंपी गई। उनके द्वारा प्रकरण में आवश्यक विवेचना कार्यवाही पूर्ण कर चालान न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।


### 8 गवाहों व 12 महत्वपूर्ण दस्तावेजों के बल पर आरोपी को मिली कड़ी सजा

विशेष लोक अभियोजक नर्मदांजलि दुबे द्वारा घटनाक्रम के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि न्यायालय में सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष द्वारा प्रकरण में कुल 8 गवाहों को सुना गया एवं 12 महत्वपूर्ण दस्तावेजों को साक्ष्य के तौर पर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। अभियोजन पक्ष द्वारा प्रस्तुत की गई मौखिक एवं दस्तावेजी तथा अंतिम तर्क के आधार पर विशेष न्यायालय पॉक्सो एक्ट द्वारा आरोपी साबिर खान को दोषी पाते हुए धारा 354(ग), 354(घ), 354(क)(र) व 506 भाग दो में 02-02 वर्ष का सश्रम कारावास, धारा 509 में 06 माह का साधारण कारावास, पॉक्सो एक्ट की धारा 11 सहपठित धारा 12 में 2 वर्ष का सश्रम कारावास एससीएसटी एक्ट की धारा 3(1)(ब)(र्) में 03 वर्ष का सश्रम कारावास व धारा 3(2)(वी -ए) में 02 वर्ष का सश्रम कारावास की सजा सुनाई गईं। इसके अलावा अर्थदण्ड से भी दण्डित किया गया। उक्त मामला पॉक्सो एक्ट विशेष न्यायाधीश नरेंद्र कुमार गुप्ता की अदालत में सुना गया। जिसमें विशेष लोक अभियोजक नर्मदांजलि दुबे पैरवीकर्ता एबं निरीक्षक मुकेश सिंह व उपनिरीक्षक प्रदीप लोधी अनुसंधानकर्ता रहे।

## कलेक्टर श्रोत्रिय की पहल पर स्कूल भवन होगा पुनर्जीवित

# राजशाही शिक्षा धरोहर को कलेक्टर रूप में मिली नई सांसें





हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

नजरबाग का शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भवन अब सिर्फ एक पुरानी इमारत नहीं, बल्कि टीकमगढ़ की शैक्षिक और सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक बनने जा रहा है। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की दूरदृष्टि और संकल्प से यह ऐतिहासिक विरासत अब फिर से पुनर्जीवित होने की राह पर है। जिसको लेकर कलेक्टर ने सोशल मीडिया फेसबुक पर स्वयं की फेसबुक आईडी से रचनात्मक पोस्ट कर जिले वासियों से अपनी भावना भी शेयर की। कलेक्टर की इस ऐतिहासिक पहल की जानकारी लगते ही जिलेवासियो ने इस कार्य की प्रसंशा कर उत्सावर्धन करना भी प्रारंभ कर दिया है।

### सवाई महेन्द्र हाई स्कूल, जहां से शुरू हुई थी टीकमगढ़ की शिक्षा यात्रा

सन 1877 में टीकमगढ़ के शासक महाराज प्रताप सिंह जूदेव ने पुरानी पाठशाला को अपग्रेड कर इसका नाम सवाई महेन्द्र हाई स्कूल रखा। यह संस्थान उस दौर में जिले की शिक्षा क्रांति का प्रतीक बना। महाराज प्रताप सिंह के शासनकाल की रजत जयंती पर वर्ष 1924 में इस विद्यालय का भव्य भवन नज़रबाग़ प्रांगण में उद्घाटित किया गया, जो आगे चलकर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के रूप में जाना गया।

### समय की मार झेली, पर इतिहास ने पुकारा

समय के साथ यह भवन जीर्ण-शीर्ण होता गया और विद्यालय का संचालन ढोंगा परिसर में स्थानांतरित कर दिया गया। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने जब इस विद्यालय का जून माह में निरीक्षण किया, तो उन्होंने आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि इतनी शानदार धरोहर को खोने नहीं दिया जा सकता। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से चर्चा कर डीएटीसीसी बैठक में प्रस्ताव रखा, जिसे सर्वसम्मति से समर्थन मिला। इसके बाद डीएमएफ से पुनरुद्धार की राशि स्वीकृत की गई।

### विरासत में बसती है शिक्षा की आत्मा

कलेक्टर श्रोत्रिय ने कहा कि एक हेरिटेज स्कूल की आत्मा उसकी दीवारों में नहीं, बल्कि उसमें बसती शिक्षण परंपरा, मूल्यों और स्मृतियों में होती है। यह वही स्थान है जहाँ से आधुनिक टीकमगढ़ को दिशा देने वाले अनेक लोग शिक्षित होकर निकले। हमारा प्रयास है कि इस भवन को न केवल संरक्षित किया जाए, बल्कि इसे एक आधुनिक, प्रेरणादायी शिक्षण केंद्र के रूप में पुनर्जीवित किया जाए। इस पहल से न केवल टीकमगढ़ की ऐतिहासिक पहचान को नई ऊर्जा मिलेगी, बल्कि नई पीढ़ी को भी अपने शहर की गौरवशाली विरासत से सीखने का अवसर मिलेगा। सवाई महेन्द्र हाई स्कूल एक बार फिर शिक्षा और संस्कृति के संगम का प्रतीक बनेगा।

## लौहपुरुष की जयंती को उत्सव रूप में मनाने वार्ता कर दी जानकारी

# बिखरे भारत को एक सूत्र में पिरोकर सरदार ने बनाया अखंड : डॉ वीरेंद्र



**टीकमगढ़।** सरदार वल्लभभाई पटेल की जन्मजयंती के 150वें वर्ष में पदयात्रा से देश में आत्मनिर्भरता का मंत्र जगाकर हम अपनी संस्कृति का उत्सव मनाएंगे यह एक जन जागरण का महायज्ञ है। उक्त उदबोधन केंद्रीय मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार ने प्रेसवार्ता के दौरान दिए।

शहर के एक निजी रिसोर्ट में केंद्रीय मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार ने सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती मानने को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस की। मीडिया प्रभारी भाजपा स्वप्निल तिवारी ने बताया कि युवा कल्याण विभाग के तत्वाधान में सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर रन फॉर यूनिटी विषय पर एवं इसके तहत पूरे देश में होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के संबंध में मुख्य वक्ता के रूप में केंद्रीय मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार ने पत्रकार वार्ता को संबोधित किया और जानकारी उपलब्ध कराई। केंद्रीय मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार ने पत्रकारों को बताया कि सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती मनाने के लिए अपने क्षेत्र में सरदार पटेल 150 वीं जयंती यूनिटी मार्च की शुरुआत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह क्षण हम सभी के लिए उस पुरुषार्थ को नमन करने का एक बहुत बड़ा अवसर है, जिसने बिखरे हुए भारत को एक सूत्र में पिरोकर अखंड भारत का स्वरूप दिया। हम सभी जानते हैं कि सरदार पटेल को लौहपुरुष कहा जाता है। लेकिन उनके व्यक्तित्व की असली शक्ति केवल लौह जैसी दृढ़ इच्छाशक्ति नहीं थी, बल्कि उनका अडिग विश्वास था कि भारत एक है, भारत अखंड है, और भारत सदा-सर्वदा अखंड रहेगा। यह वही विश्वास है जिसे आज विकसित भारत 2047 के संकल्प के रूप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगे बढ़ा रहे हैं। इस अभियान की शुरुआत 6 अक्टूबर को केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल द्वारा देशभर में डिजिटल फेज रूप में की जा चुकी है। इस अभियान के दूसरे चरण में 31 अक्टूबर से 25 नवंबर तक जिला स्तर पर पदयात्राएँ होने वाली है। पदयात्राओं में नशामुक्त भारत का संकल्प लिया जाएगा। यह केवल आयोजन नहीं होंगे, यह जन-जागरण का महायज्ञ होगा। जिस प्रकार सरदार पटेल ने रियासतों को जोड़कर एक भारत का निर्माण किया था, वैसे ही ये पदयात्रा क्षेत्र के लोगों के दिलों को जोड़ने का काम करेंगी। हम संस्कृति का गौरव पेश करेंगे जोकि एक भारत श्रेष्ट भारत की भावना पेश करेगा। जिले में 3 दिनों की इस पदयात्रा में 8 से 10 किलोमीटर तक की दूरी तय करेंगे। समाज का हर आयु वर्ग, हर तबका इससे जुड़ेगा।

जिला स्तरीय पदयात्राएं 31 अक्टूबर से 25 नवंबर तक होंगी जिसमें हर संसदीय क्षेत्र के सभी जिलों में 3 दिन तक 8 से 10 किमी लंबी पदयात्रा होगी। इसके साथ ही युवाओं के बीच नशामुक्त भारत शपथ, गर्व से स्वदेशी संकल्प भी दिलवाए जाएंगे। इस दौरान स्वच्छता अभियान का भी आयोजन होगा। इस अभियान का सबसे बड़ा अध्याय 26 नवंबर को संविधान दिवस के दिन शुरू होगा।




### सरदार पटेल जयंती पर पुलिस ने लिया एकता का संकल्प

**पलेरा।** शुक्रवार सुबह से नगर की सड़कों पर पुलिस, पत्रकार, समाजसेवी व नगरवासी साथ में दौड़ते हुए दिखाई दिए। यह नजारा एकता की दौड़ रन फॉर यूनिटी आयोजन का था। जिसमें नगर का सभी वर्ग एक लय में दौड़ता हुआ दिखाई दिया। यह दौड़ आपसी एकता का संदेश देने के लिये थी।

सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर नगर में रन फॉर यूनिटी अर्थात एकता की दौड़ का आयोजन किया गया। थाना प्रभारी मनोज कुमार सोनी के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों ने नगर के थाना तिहारे से कंथरिया बेयर हाउस तक दौड़ लगाई। नायब तहसीलदार श्रीपत अहिरवार ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ को रवाना किया। इस दौड़ का उद्देश्य राष्ट्रीय एकता, सामाजिक सौहार्द और अखंडता की भावना को मजबूत करना था। दौड़ के दौरान प्रतिभागियों ने एक भारत श्रेष्ठ भारत और सरदार पटेल अमर रहें जैसे नारे लगाए, जिससे वातावरण देशभक्ति से ओत-प्रोत हो गया। रन फॉर यूनिटी आयोजन में भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन संज्ञा, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि अतुल खटीक, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजू राय, भाजपा नेता संजय अहिरवार उर्फ संजू बाबा सहित महिला और पुरुष पुलिसकर्मियों के साथ-साथ नागरिकों ने भी भाग लिया। इस अवसर पर सरदार पटेल के योगदान, उनके आदर्शों और राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका को याद किया गया।

# पार्क सिर्फ मनोरंजन स्थल नहीं बल्कि स्वच्छता हरियाली के प्रतीक : कलेक्टर

## स्वच्छ पार्क अभियान के तहत चली विशेष मुहिम का सीएमओ ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



शहर में स्वच्छ पार्क अभियान को संचालित करने के लिए कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने नगर पालिका सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया को निर्देश दिए। कलेक्टर श्रोत्रिय ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि पार्क केवल मनोरंजन स्थल नहीं, बल्कि स्वच्छता और हरियाली के प्रतीक हैं। इन्हें हमेशा बेहतर स्थिति में रखना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है।

कलेक्टर श्रोत्रिय के निर्देशों का पालन करते हुए नगर पालिका प्रशासन द्वारा शहर में स्थित पार्कों में सफाई अभियान संचालित किया गया। शुक्रवार को मुख्य नगर पालिका अधिकारी ओमपाल भदौरिया ने शहर के विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया। नगर पालिका परिषद के तत्वावधान में चल रहे स्वच्छ पार्क अभियान के तहत प्रत्येक सप्ताह एक पार्क अथवा मुक्तिधाम की डीप क्लीनिंग की जा रही है। इसी क्रम में महेन्द्र सागर तालाब के समीप स्थित शान-ए-पार्क में व्यापक साफ-सफाई का कार्य कराया गया। निरीक्षण के दौरान सीएमओ भदौरिया ने नपाकर्मी लाइट मैन को पार्क की बंद पड़ी लाइटें चालू कराने के निर्देश दिए, वहीं जलप्रदाय शाखा प्रभारी को पार्क परिसर में पेयजल की समुचित व्यवस्था करने के लिए कहा गया। इसी क्रम में सीएमओ भदौरिया ने जल यंत्रालय बरीघाट का भी निरीक्षण किया। आगामी ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए उन्होंने उपयंत्री अजय दीक्षित को निर्देशित किया कि बरीघाट डैम में उपलब्ध पानी को अधिक समय तक सुरक्षित रखने हेतु कार्ययोजना तैयार की जाए। निरीक्षण के दौरान वार्ड क्रमांक 05 के पार्षद प्रतिनिधि गोविन्द प्रजापति, उपयंत्री अजय दीक्षित, उपयंत्री जलप्रदाय जेबा मंसूरी, प्रभारी जल सप्लाई अनिल श्रीवास्तव एवं सफाई प्रभारी हवालदार राकेश बाल्मिक सहित नगर पालिका के अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## विद्यालय में किए गए विभिन्न कार्यक्रम

# प्राचार्य व शिक्षकों ने छात्रों को कराया शख्सियत से परिचित



**टीकमगढ़।** शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम के तहत दौड़ प्रतियोगिता, पौधरोपण एवं संगोष्ठी का आयोजन तथा शपथ ग्रहण समारोह राष्ट्रीय एकता दिवस पर किया गया। उक्त कार्यक्रम संस्था प्राचार्य केएल चौरसिया के निर्देशन एवं प्रभारी सरिता झा और भरत त्रिपाठी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। संगोष्ठी में जीपी अहिरवार, वंदना तिवारी, शशि जैन, पुष्पेंद्र घोष आदि ने राष्ट्रीय एकता के सम्बन्ध मे अपने विचार प्रस्तुत किए। राष्ट्रीय एकता दिवस दिवस के अवसर पर छात्र-छात्राओं को भरत त्रिपाठी द्वारा कार्यक्रम का संचालन एवं शपथ दिलाई गई। सरदार वल्लभ भाई पटेल की जन्म जयंती के अवसर पर संस्था परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया जिसमें कदम के पेड़ को विद्यार्थियों ने रोपित किया। सरदार पटेल द्वारा स्टैचू ऑफ यूनिटी, 562 रियासतों का विलयी करण, आईपीएस, आईएएस को अधिकार संपन्न करना आदि किये गये प्रयासों को लेकर भरतजी त्रिपाठी, जीपी अहिरवार व सरीता झा के द्वारा संगोष्ठी में विचार प्रस्तुत किए गए। विद्यार्थियों के द्वारा राष्ट्रीय एकता से संबंधित गीत प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर स्टाफ और मॉडल स्कूल के विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थिति रहे।

## मदद करने संबंधी निर्देश टीआई को देकर दिया संवेदना व जिम्मेदारी का उदाहरण

# नासमझी में भटकी बालिका को एसपी मंडलोई ने दिखाई नई राह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

अगर किसी विभाग का कोई बड़ा अधिकारी अपने विभाग संबंधी आवश्यक कार्यों के साथ साथ आमजनता की अपरंपरागत या रचनात्मक तरीके से कोई मदद करता है तो ऐसे कार्य की तारीफ़ करना तो बनता है। ऐसा ही एक मामला एसपी कार्यालय से सामने आया है जिसमें नासमझी में घर से भटकी एक 12 वर्षीय बालिका को सकुशल ढूंढ़कर और फिर बालिका से संवाद कर पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने न केवल बालिका की मनोदशा बदली, बल्कि बालिका को क्षमतानुसार मदद करने के लिए कोतवाली थाना प्रभारी को निर्देशित कर एसपी ने समाज में मानवीय पुलिसिंग सहित संवेदना व जिम्मेदारी का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत कर मिसाल पेश की है।

### बिन बताये घर से लापता नाबालिग़ को ढूंढकर जानी मूल समस्या

उक्त घटना थाना कोतवाली क्षेत्र की है। जहाँ गत दिवस थाना कोतवाली क्षेत्र की निवासी नावालिग़ बालिका बिना बताए घर से चली गई थी। परिजनों द्वारा सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बालिका की तलाश प्रारंभ की और उसे सकुशल ढूंढ़कर परिजनों के पास सुरक्षित पहुंचाया। लेकिन बालिका के मिलते ही मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने बालिका एवं उसके परिवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय बुलाकर उनसे व्यक्तिगत रूप से चर्चाकर बालिका के विना बताये जाने का मूल कारण जानना चाहा। बालिका से घर छोड़ने का कारण पूछे जाने पर यह पाया गया कि उसने नासमझीवश यह कदम उठाया था। इस पर एसपी मंडलोई ने बालिका को प्रेमपूर्वक समझाते हुए कहा कि माता-पिता की अनुमति के बिना घर से बाहर नही जाना चाहिए। साथ ही अपने विद्यार्थी काल में शिक्षा को प्राथमिकता देकर अपने सपनों की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए।



### पुलिस अधीक्षक ने दी शिक्षा, समझ और आत्मनिर्भरता की सीख

पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एसपी मंडलोई ने बालिका से आत्मीय बातचीत करते हुए समझाया कि जीवन में सबसे बड़ा हथियार शिक्षा है। परिवार की अनुमति के बिना घर से जाना गलत है। पढ़ो, सीखो और अपने सपनों को दिशा दो। कोतवाली थाना प्रभारी चाचोदिया द्वारा बालिका की जिम्मेदारी सहर्ष स्वीकार करने पर एसपी मंडलोई ने इस सकारात्मक पहल की सराहना करते हुए कहा कि पुलिस का दायित्व केवल कानून व्यवस्था तक सीमित नहीं है बल्कि समाज में संवेदनशीलता का अहसास महसूस कराना भी पुलिस का ही दायित्व है।



### रुचि व आर्थिक संकट देख आगे बढ़ाया मदद का हाथ

ज़ब एसपी मंडलोई ने बातचीत के दौरान पाया कि बालिका की रूचि के आगे आर्थिक संकट रोड़ा बनकर खड़ा हुआ है। तब बालिका की रूचि और पारिवारिक आर्थिक स्थिति को देखते हुए एसपी मंडलोई ने कोतवाली थाना प्रभारी ब्रजेन्द्र चाचोदिया को निर्देशित किया कि बालिका की शिक्षा में सहयोग किया जाए एवं उसकी रुचि के अनुरूप पेंटिंग सिखाने की व्यवस्था की जाए। थाना प्रभारी द्वारा इस उत्तरदायित्व को सहर्ष स्वीकार किया गया, जिसकी पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने सराहना भी की।

### परिवार को भी दी प्रेरणा और आश्वासन

एसपी मंडलोई ने बालिका के परिजनों से भी चर्चा की और उन्हें प्रेरित करते हुए कहा कि बच्चों को स्नेह, सुरक्षा और शिक्षा का वातावरण उपलब्ध कराने का प्रयास करें। यही उनकी सबसे बड़ी सुरक्षा है। उन्होंने आश्वासन दिया कि टीकमगढ़ पुलिस बालिका की शिक्षा और कौशल विकास में हरसंभव सहयोग करेगी। आत्मीयता से पूर्ण संवाद के अंत में एसपी मंडलोई ने बालिका को आवश्यक सामग्री भेंट की।

### कंट्रोलरूम स्थापित, हर दो घंटे के काम की होगी समीक्षा, लापरवाही पर गिरेगी गाज

# सर्वे में लापरवाही पर पटवारी निलंबित सरपंच को पद से पृथक करने का नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

फसल सर्वे में लापरवाही बरतने वाले किन्नपुरा के पटवारी राजेश आदिवासी को निलंबित कर दिया गया है वही मकडावदा कला के सरपंच टिल्लू सिंह को काम में लापरवाही बरतने और किसानों से शिकायत मिलने पर सेवा से पद से पृथक करने का नोटिस जारी किया गया है। उधर कलेक्टर ने सर्वे समीक्षा के लिए कंट्रोल रूम स्थापित किए जा रहे हैं जहां पर फोन नंबर 07530-222631, 07530-221459 पर किसान सूचना दे सकते है कि उनके यहां फसल सर्वे के लिए टीम नही पहुंची है या अन्य कोई परेशानी तो नही हो रही है। खास बात यह है कि कंट्रोल रूम पर मिली शिकायत और की गई कार्रवाई की जानकारी से कलेक्टर को अवगत कराया जाएगा जिससे संबंधित पटवारी या कर्मचारी का लापरवाही पर नपना तय है।

कलेक्टर अर्पित वर्मा ने बारिश से धान की फसल क्षति के आंकलन को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक में कडा रूख अपनाते हुए अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देश दिये कि फसल सर्वे की विस्तृत रिपोर्ट एक सप्ताह के अंदर प्रस्तुत की जायें, जिससे किसानों को शासन के नियम अनुरूप मुआवजा राशि का वितरण किया जा सके। उन्होने कहा कि फसल सर्वे सकारात्मक भाव के साथ किया जायें, किसी प्रकार की लापरवाही पाई गई तो पटवारियों और संबंधित अधिकारियों को बख्शा नही जायेगा। किसानों को फसल क्षति का पूरा मुआवजा मिले, इसके लिए एसडीएम अपने-अपने क्षेत्र में सर्वे कार्य पर कडी निगरानी रखे, यह एसडीएम और तहसीलदार की जिम्मेदारी होगी कि कोई भी किसान मुआवजा राशि से वंचित न रहें। दिन रात सर्वे की कार्यवाही गंभीरता से की जायें। स्वयं एसडीएम और तहसीलदार गांव-गांव जाकर सर्वे कर रही टीमों की प्रक्रिया का निरीक्षण करते रहें।



### किन्नपुरा हल्का पटवारी निलंबित

कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देश पर लापरवाही बरतने वाले तहसील वीरपुर के किन्नपुरा हल्का पटवारी राजेश आदिवासी को तहसीलदार रजनी बघेल ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। तहसीलदार रजनी बघेल ने यह जानकारी बैठक में दी। उन्होंने बताया कि पटवारी द्वारा सर्वे कार्य में उदासीनता बरती जा रही है। इसके बाद पटवारी को निलंबित करने की कार्यवाही की गई।

### धारा 40 के तहत सरपंच को नोटिस

जिला पंचायत सीईओ सौम्या आनंद द्वारा श्योपुर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत मकडावदा कलां के सरपंच टिल्लू सिंह चन्द्रावत को धारा 40 के तहत नोटिस जारी किया गया है। जारी सूचना पत्र के अनुसार गत 28 अक्टूबर को कलेक्टर के भ्रमण के दौरान ग्रामीणों ने अवगत कराया कि सरपंच ग्राम पंचायत में नही रहते है तथा कभी भी ग्राम में नही आते है, श्योपुर जिले में वर्षा के कारण खेतो में फसल को हुए नुकसान का सर्वे का कार्य चल रहा है, जिसमें सहयोग प्रदान नही किया जा रहा है। इस पर मध्यप्रदेश पंचायतराज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 40 के तहत नियमानुसार पद से पृथक करने की कार्यवाही हेतु प्रकरण दर्ज पंजीबद्ध करने के संबंध में नोटिस जारी कर 4 नवंबर को सुनवाई नियत की गई है।

### डेढ़ सैकड़ा अधिकारियों की फौज पर जताई नाराजगी

बैठक में कलेक्टर वर्मा इस बात पर नाराज दिखे कि फसल सर्वे के कार्य को गति देने के लिए जिला स्तर से भी 140 के लगभग अधिकारी नियुक्त किये गये है, जिनसे जो उम्मीद जताई गई थी वो उसपर खरे नहीं उतरे हैं। उन्होंने उन अधिकारियों को निर्देशित किया जिनकी ड्यूटी सर्वे में सहयोग के लिए लगाई कि वह अपने ड्यूटी हल्के में पटवारी से अपनी निगरानी में सर्वे करवाए और इस दौरान संबंधित किसान भी मौजूद रहे इसका ध्यान रखा जाए। अगर पटवारी या दूसरा मैदानी अमला सर्वे में लापरवाही बरते तो उसकी शिकायत कर दंडात्मक कार्रवाई करवाएं।

### एसडीएम तहसीलदार अपने-अपने कार्यालयों में बनाएंगे कंट्रोल रूम

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि एसडीएम और तहसीलदार अपने-अपने कार्यालयों में सर्वे टीमों से कॉन्टेक्ट के लिए पृथक से कन्ट्रोलरूम बनाये और हर दो घंटे की रिपोर्ट प्राप्त की जायें, यदि कोई पटवारी एवं सर्वे दल में शामिल कोई कर्मचारी फील्ड में नही पहुंचता है तो प्रथम दृष्टया निलंबित कर विभागीय जांच संस्थित की जायें। संबंधित क्षेत्र के राजस्व निरीक्षको को टीमों के ऊपर निगरानी की जिम्मेदारी दी जायें।

### हरिभूमि की खबर के बाद हरकत में आए बिजली कंपनी के अधिकारी

# बिजली कंपनी ने सुधारा किसान का बिजली बिल 3.94 करोड़ से घटकर पहुंचा 22 हजार पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



किसान बोला ट्यूबवेल का नियमित रूप से दे रहा हूं बिल,फिर भी भेज दिया भारीभरकम बिल
3 करोड़ 94 लाख रुपए का बिजली बिल देखकर सदमे में पहुंचा किसान

भारी भरकम राशि का बिजली बिल देखकर सदमे में पहुंचे किसान के बिजली बिल में बिजली कंपनी ने सुधार कर दिया है। सुधार करने के बाद किसान का बिजली 3 करोड 94 करोड रूपए से घटकर 22 हजार पर पहुंच गया है। यहां बताना होगा कि ग्राम दांतरदा निवासी किसान रामराज मीणा अपने खेत पर लगी ट्यूववेल का हर छह महीने में नियमित रूप से बिजली बिल अदा करते है। इसके बाद भी उसे अक्टूबर माह में बिजली कंपनी के द्वारा उनके ट्यूववेल का 3 करोड 94 लाख 27 हजार 169 रूपए की राशि का बिजली बिल जारी कर दिया गया। इतने भारी भरकम राशि के बिजली बिल को देखकर किसान सदमें में पहुंच गया। हालांकि इसका पता चलने पर आसपडोस के लोगो ने किसान को ढांढस बंधाते हुए किसी तरह का कोई गलत कदम न उठाए जाने की सलाह दी,इसके साथही बिजली कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों से इस मामले की शिकायत करने की समझाइश भी दी। इस मामले को हरिभूमि ने 31 अक्टूबर के अंक में उठाते हुए एक खबर प्रमुखता से प्रकाशित की। जिसके बाद हरकत में आए बिजली कंपनी के अधिकारियों ने किसान के उक्त बिजली बिल में सुधार कर दिया। सुधार के बाद किसान का बिजली बिल 3 करोड 94 लाख रूपए से घटकर 22 हजार रूपए पहुंच गया है और बिजली कंपनी के कर्मचारी सुधारे हुए बिजली बिल को किसान को घर जाकर दे आए है। जिसके बाद परेशान बने किसान ने राहत की सांस ली है।

### सुधार करवा दिया

किसान के बिजली बिल में त्रुटिवश अधिक राशि चढ़ गई थी, जिसका पता चलते ही हमने उसमें सुधार करवा दिया है और किसान के पास संशोधित बिजली बिल पहुंचा दिया है।

**लक्ष्मीनारायण पाटीदार**
**महाप्रबंधक बिजली कंपनी,श्योपुर**

# आज कलेक्ट्रेट घेरेंगे किसान मुआवजा के लिए देंगे ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

बीते दिनों बे मौसम बरसात से बर्बाद हुई फसलों के सर्वे में देरी को लेकर किसानों ने शनिवार को आंदोलन करने का निर्णय लिया है। इस संबंध में अपील छपवाकर गांव-गांव बंटवाई जा रही है। सोशल मीडिया पर प्रचारित कर किसानों को जिला मुख्यालय पर एकत्रित होने के लिए आव्हान किया गया है। उधर किसानों के होने वाले आंदोलन को देखते हुए जिला प्रशासन ने भी सर्वे कार्य में तेजी ला दी है।

गांव में इन दिनों सोशल मीडिया पर किसानों के नाम से एक अपील मोबाइल में डाली जा रही है इस अपील में एक नवंबर को जिला मुख्यालय स्थित वीर सावरकर स्टेडियम पर सुबह 11:00 बजे एकत्रित होने का अनुरोध किया गया है। वीर सावरकर स्टेडियम से रैली के माध्यम से किसानों को कलेक्ट्रेट पहुंच कर ज्ञापन देने की बात कही गई है। समस्त किसान एवं क्षेत्रवासी जिला श्योपुर के नाम से की गई इस अपील को देखते हुए प्रशासन ने भी तैयारी शुरू कर दी है वह ऐसा मौका नहीं देना चाहता जिससे किसानों के सामने सर्वे में लापरवाही उजागर हो कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को बुलाकर अभी तक किए गए काम की समीक्षा कर ली है और तहसील एवं एसडीएम कार्यालय में भी कंट्रोल रूम स्थापित करने के साथ जिला स्तर पर भी कंट्रोल रूम स्थापित करने के लिए निर्देशित किया है हर 2 घंटे में किए गए काम की समीक्षा के निर्देश दिए गए हैं इस निर्देश के बाद किसान आंदोलन को स्थगित करते हैं या सूचना देने के बाद किसान मुख्यालय पर आते हैं यह शनिवार को देखना पड़ेगा।



### कलेक्ट्रेट पहुंचने से पहले अस्पताल पहुंचा युवा नेता

बे मौसम बारिश से बर्बाद हुई फसलों को का मुआवजा दिलाने की मांग को लेकर आजाद समाजवादी समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष बंटी जाटव ने कलेक्ट्रेट तक दंडवत करते हुए पहुंचकर जिला प्रशासन को ज्ञापन देने का कार्यक्रम बनाया था इसके तहत वह दोपहर को खातौली तिराहा पर पहुंच गए जहां वह दंडवत लगाते हुए कलेक्ट्रेट की ओर ज्ञापन देने के लिए निकल गए लेकिन भूख प्यास के चलते हुए रास्ते में ही उनकी तबीयत खराब हो गई जिसके चलते उनके साथी उन्हें उठाकर जिला अस्पताल ले गए जहां उनका इलाज चल रहा है उनके मित्रों ने बताया कि वह दो दिन से भूखे हैं उन्होंने किसानों के लिए अन्न त्याग किया हुआ है।

# बंजारा डैम के पास हाईवे पर गड्ढों से हादसे का खतरा,जिम्मेदार बेसुध



श्योपुर। श्योपुर कोटा एवं बारां हाईवे पर बंजारा डैम के पास बीच रोड पर काफी दिनों से बने दो बडे गड्ढे आए दिन छोटे मोटे हादसे को जन्म दे रहे है। इन गड्ढो से कोई बडा हादसा घटित होने का भी खतरा बना हुआ है, लेकिन इसके बाद भी जिम्मेदार अधिकारी गड्ढो को सुधारने के बजाए बेसुध नजर आ रहे है। ज्ञात हो कि उक्त स्थान से पहले एक भरा हुआ टोला अनियंत्रित होकर बंजारा डैम में गिर चुका है। किसान नेता महावीर सिंह मीणा, पूर्व उप सरपंच नरेन्द्र शर्मा सहित अन्य कई लोगों ने अंदेशा जाहिर किया है कि ऐसी ही दुर्घटना इस गड्ढे के कारण फिर से घटित हो सकती है। जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारियों की अनदेखी से ऐसा प्रतीत हो रहा है कि इन गड्ढो को भरने के लिए किसी गंभीर दुर्घटना का इंतजा किया जा रहा है।

# चोरी करने घर में घुसे नशेड़ी युवकों की लोगों ने की पिटाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

शहर के वार्ड क्रमांक 15 निवासी सीताराम राठौर के घर में शादी समारोह का आयोजन चल रहा है। शुक्रवार को उनके घर में तीन युवक चोरी करने की नीयत से घर में घुस गए। स्थानीय लोगों ने बताया कि समय रहते घर के लोगो को इसका पता चल गया, इसके बाद घर लोगों सहित आसपास के लोगों ने तीनो युवकों को पकड लिया और उनकी धुनाई लगाने के बाद उन्हें कोतवाली थाना पुलिस के हवाले कर दिया। कोतवाली पुलिस ने बताया कि तीनो युवक स्मैक पीने की लत के शिकार है। जिनमें मनमोहन धाकड और रामलखन धाकड अजापुरा के निवासी होकर आपस में भाई है। जबकि मोनू उर्फ विकास शर्मा श्योपुर का निवासी है। जो पुलिस का वारंटी भी है। पुलिस ने तीनों को मामला दर्ज कर कोर्ट में पेश कर दिया है।

### स्थापना दिवस आज, निषादराज में होगा जिला स्तरीय कार्यक्रम

श्योपुर। मध्यप्रदेश के स्थापना दिवस अवसर पर 01 नवंबर को प्रातः 10.45 बजे से निषादराज भवन जिला पंचायत परिसर श्योपुर में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित होगा। नोडल अधिकारी संजय जैन ने बताया कि स्थापना दिवस के अवसर पर जिले के विशिष्ट उद्योगपति, व्यवसायी, स्वयंसेवी संस्थाओं एवं शहीद सैनिको के परिवारो को सम्मानित किया जायेगा।

### सेवा भारती के बालिका छात्रावास का आज भूमि पूजन करेंगे सांसद

श्योपुर। शहर के शिवपुरी रोड पर जिला अस्पताल के पास सेवा भारती का नवीन बालिका छात्रावास बनाया जाएगा। शनिवार एक नवंबर को दोपहर 2 बजे इस बालिका छात्रावास भवन का भूमि पूजन होगा। जिसमें क्षेत्रीय सांसद शिवमंगल सिंह तोमर मुख्य अतिथि के रूप से शामिल होकर भूमि पूजन करेगे। सेवा भारती के प्रांत संगठन मंत्री सुरेन्द्र सोलंकी मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहेगे।जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में कलेक्टर अर्पित वर्मा, संघ के जिला संघ चालक गिर्राज सर्राफ उपस्थित रहेगे। इस छात्रावास में अनुसूचित जाति और जन जाति वर्ग सहित आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की बालिकाएं रहकर पढाई करेगी।

### विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया

# रन फॉर यूनिटीः कॉलेज से पटेल चौक तक दौड़े अधिकारी, जनप्रतिनिधि, नागरिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

लोह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वी जयंती के उपलक्ष्य में शुक्रवार को रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। पाली रोड स्थित कॉलेज से पटेल चौक तक आयोजित रन फॉर यूनिटी में अधिकारी, जनप्रतिनिधि, नागरिक, युवा वर्ग, खिलाडी एवं विद्यार्थी आदि शामिल हुए। इस अवसर पर राष्ट्रीय एकता की शपथ भी ली गई। सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वी जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाये जाने के क्रम में आयोजित रन फॉर यूनिटी का शुभारंभ पीएम एक्सीलेंस कॉलेज से कलेक्टर अर्पित वर्मा एवं पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। रन फॉर यूनिटी का समापन पटेल चौक पर समारोहपूर्वक हुआ, जहां अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण द्वारा राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई।

समापन कार्यक्रम को कलेक्टर अर्पित वर्मा, पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण, पूर्व विधायक दुर्गालाल विजय एवं बृजराज सिंह चौहान द्वारा संबोधित करते हुए लोह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल के विचारों एवं आदशो को आत्मसात करने की प्रेरणा लेने तथा देश की एकता और अखण्डता में उनके महत्वपूर्ण योगदान प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के अंत में विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता सुशील दुबे ने किया। इस अवसर पर पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र जाट, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य कैलाश नारायण गुप्ता एवं रामलखन नापाखेडली, नगरपालिका उपाध्यक्ष संजय महाना, सुजीत गर्ग, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सरोज तोमर एवं महावीर मित्तल, भाजपा जिला महामंत्री संजय अकोदिया, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष संजय मंगल, रेडक्रॉस सचिव दिनेश दुबोलिया,सत्यनारायण यादव, नेहा कुलश्रेष्ठ, कल्पना राठौर, मोनू सोनी, कौशल शर्मा, महावीर मीणा, मनीष नागौरी आदि उपस्थित थे। इसके अलावा एडिशनल एसपी प्रवीण भूरिया, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन, एसडीओपी राजीव गुप्ता सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।



### महिला वर्ग में वैदिका तो पुरुष वर्ग में अमर कुश को मिला प्रथम पुरस्कार

समापन समारोह के अंत में रन फॉर यूनिटी में महिला वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए वैदिका, द्वितीय स्थान प्राप्त करने के लिए काजल कर्ण एवं तृतीय स्थान के लिए गोरी गुर्जर को तथा पुरूष वर्ग में प्रथम स्थान के लिए अमर कुश रावत, द्वितीय स्थान के लिए आकाश सिंह ओलक एवं तृतीय स्थान के लिए केशव प्रजापति को अतिथियों के द्वारा शील्ड एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### मानपुर में हुई मैराथन दौड़



मानपुर कस्बे में भी शुक्रवार को रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। मेवाडा रोड पर खुशी स्कूल से अस्पताल तक आयोजित हुई रन फॉर यूनिटी को मानपुर थाना प्रभारी पप्पू सिंह यादव, सरपंच प्रतिनिधि लक्ष्मीनारायण आर्य ने हरीझंडी दिखाकर रवाना किया। इसके बाद विद्यालय परिसर में आयोजित समापन समारोह में मानपुर थाना प्रभारी यादव ने सरदार बल्लभ भाई पटेल के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए सामाजिक एकता को मजबूत करने के लिए बच्चों को प्रेरित किया। वहीं साइबर अपराध के प्रति जागरुक भी किया।




### कराहल मुख्यालय पर हुआ मैराथन दौड़ का आयोजन

श्योपुर। शुक्रवार को विकासखंड मुख्यालय कराहल पर सरदार बल्लभ भाई पटेल जयंती को एकता दिवस के रूप में मनाते हुए भव्य मैराथन दौड का आयोजन पुलिस प्रशासन और अशासकीय संस्थान न्यू ब्राइट कान्वेंट हाईस्कूल के संयुक्त तत्वावधान मे किया गया। मैराथन दौड का आयोजन विद्यालय परिसर स्थित काली माता मंदिर से उगोना सहराना चौक तक किया गया। इस दौड में बडी संख्या में प्रशासनिक अधिकारियों सहित स्कूली बच्चों ने बढकर हिस्सा लिया। मैराथन दौड के समापन अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कराहल थाना प्रभारी यास्मीन खान ने सरदार बल्लभ भाई पटेल की जीवनी से बच्चों को परिचित कराया। उन्हांने कहा कि हम अच्छी शिक्षा प्राप्त कर समाज में फैली छूआछूत अन्धविश्वास को जड से समाप्त करने मे सहभागी बन सकते है हमें सामाजिक समरसता को बढावा देकर एकता लाने की आवश्यकता है हमें एकता के सूत्र मे रहकर समाज और देश को ऊंचाईयों पर ले जाना है यह हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम के अंत मे थाना प्रभारी यास्मीन खान द्वारा बच्चों को फल वितरित किये गए। विधालय के संचालक देवेंद्र पाठक ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# सभी को सम्मान से व्यवसाय करने का अवसर देती है पीएम स्वनिधिःशाक्य

### दो सैकड़ा स्ट्रीट वेंडर्स को पीएम स्वनिधि के तहत अधिकार पत्र वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर




सड़क किनारे बैठकर धंधा करने वाले गरीब स्ट्रीट वेंडर्स को सम्मानजनक रूप से अपना व्यवसाय करने का अधिकार देने का काम पीएम स्वनिधि योजना के तहत किया जा रहा है। इस योजना का लाभ हर उस जरूरतमंद को मिले जो अपने परिवार का पेट पालने के लिए व्यवसाय तो करना चाहता है पर इसके लिए उसके पास पैसा नहीं है। यह बात डिप्टी कलेक्टर एवं जिला शहरी विकास अभिकरण प्रभारी विजय शाक्य ने शुक्रवार को पीएम स्वनिधि योजना के तहत चिन्हित हितग्राहियों को योजना का लाभ वाला अधिकार पत्र प्रदान करते हुए कही।

सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर आयोजित किए जा रहे कार्यक्रम की श्रृंखला के तहत शुक्रवार को नगर पालिका सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि की हैसियत से पहुंचे डिप्टी कलेक्टर शाक्य ने दो सैकड़ा के करीब चिन्हित हितग्राहियों को बैंकर्स के माध्यम से योजना के लाभ की गारंटी दी। इस दौरान सीएमओ आरआर यादव ने बताया कि अभी तक 6 सैकड़ा से अधिक लोगों ने आवेदन किए हैं। इनमें से 206 आवेदनों को विभिन्न बैंकर्स ने लोन देने के लिए स्वीकृत कर लिया है। जबकि करीब 4 सैकड़ा आवेदनों का भी परीक्षण किया जा रहा है। यह योजना उन स्ट्रीट वेंडर्स के लिए है जो काम तो सकते हैं लेकिन काम शुरू करने के लिए उनके पास पूंजी नहीं है इसी क्रम में बुधवार को नगर पालिका सभागार में कैंप लगाकर आवेदन आमंत्रित किए गए। जिसमें पीएम आवास योजना के तहत आवेदन लेने ओर पूर्व में स्वीकृत आवेदनों के निराकरण के लिए परामर्श दिया गया। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर शाक्य ने नपा कर्मचारियों को निर्देशित किया कि जो हितग्राही पीएम आवास योजना के लिए चिन्हित हो चुके हैं उनके बैंक अकाउंट में राशि डाले जाने में जो अड़चन आ रही है उसे दूर किया जाए।

### त्रिवेणी संगम पर स्नान के दौरान सभी सुरक्षा उपाय सुनिश्चित किए जाएंःअपर कलेक्टर



श्योपुर। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर रामेश्वर त्रिवेणी संगम पर लगने वाले मेले की व्यवस्थाओं को देखने के लिए अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय ने शुक्रवार को मेला स्थल पर पहुंचकर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया इस अवसर पर एएसपी प्रवीण भूरिया, सीईओ जनपद एसएस भटनागर, नायब तहसीलदार टीएस लकडा,मानपुर टीआई पीएस यादव सहित सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक आदि उपस्थित थे। अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय ने त्रिवेणी संगम में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर बडी संख्या में श्रद्धालुओ के पवित्र स्नान को दृष्टिगत रखते हुए घाट पर सुरक्षा के पर्याप्त प्रबंध किये जाने के निर्देश दिये। उन्होने घाटो के अवलोकन के दौरान निर्देश दिये कि वर्तमान में जल स्तर अधिक होने के चलते घाट डूबे हुए है, इसलिए स्नान के लिए वैकल्पिक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जायें। महिला एवं पुरूषो के लिए अलग से घाटो का निर्धारण किया जायें तथा महिला घाटो पर अस्थाई चेजिंग रूम बनाये जायें। नदी घाट पर ही पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारी द्वारा कन्ट्रोलरूम बनाकर निगरानी रखी जायें। एसडीआरएफ की तीन टीमें भी नदी घाट पर सुरक्षा व्यवस्था के लिए तैनात रहेगी। नदी पर तीन बोट से लगातार पेट्रोलिंग की जायें। अपर कलेक्टर ने नौका संचालन करने वालो को निर्देश दिये कि यात्रियों को बगैर लाइफ जैकेट पहनाये नाव में सवार नही किया जायें। इसके साथ ही नाव में सुरक्षा के अन्य उपाय जैसे रस्सी, ट्यूब आदि भी उपलब्ध रखे जायें। सीईओ जनपद द्वारा इसकी निगरानी रखी जाये। एसडीआरएफ की टीम सभी सुरक्षा उपकरणों लाइफ जैकेट, लाइफ बॉय, रस्सी, टार्च तथा इमरजेन्सी लाइट आदि के साथ नियुक्त रहेगी।

## खबर संक्षेप

### कुएं में मिला 25 वर्षीय युवक का शव, मर्ग दर्ज पुलिस जांच में जुटी

**पिपरई।** पिपरई के पास केशोपुर गांव में एक 25 वर्षीय युवक का शव कुएं में मिलने से हड़कंप मच गया है। युवक दो दिन से लापता था। परिजनों ने अज्ञात कारणों के चलते हुई इस मौत पर हत्या की आशंका जताई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है और मामले की गहनता से जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान बब्ला पुत्र परमाल सिंह यादव (25) निवासी केशोपुर के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, बब्ला पिछले दो दिनों से अपने घर नहीं लौटा था, जिसके कारण परिजन उसकी लगातार तलाश कर रहे थे। तलाश के दौरान, परिजनों को सूचना मिली कि केशोपुर में एक कुएं के पास युवक की चप्पलें पड़ी हुई हैं। इस सूचना पर परिजनों ने तुरंत स्थानीय पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलते ही पुलिस दल मौके पर पहुंचा और एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया। एसडीआरएफ की टीम ने कुएं की छानबीन शुरू की, जिसके बाद देर रात 25 वर्षीय बब्ला का शव कुएं के भीतर से बरामद हुआ। पुलिस ने बताया कि गुरुवार को शव का पोस्टमार्टम कराया गया और फिर परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है। पुलिस ने शुरू की विवेचना परिजनों ने युवक की मौत को सामान्य दुर्घटना मानने से इंकार करते हुए हत्या की आशंका व्यक्त की है। थाना प्रभारी प्रशांत यादव ने बताया कि पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और पूरे मामले को विवेचना में ले लिया है। पुलिस अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई करेगी।



### अज्ञात वाहन से टक्कर में बाइक चालक की मौत पुलिस पड़ताल जारी

**पिपरई।** बुधवार की रात में अज्ञात वाहन चालक ने एक मोटर साइकिल चालक में टक्कर मार दी जिससे बाईक चालक धर्मेन्द्र पुत्र पप्पू अहिरवार उम्र 25 साल निवासी सिंघाड़ा की मौत हो गई। यह घटना बरखेड़ा रोड पर नई तहसील भवन के समीप किसी अज्ञात वाहन ने उसकी मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी जिससे वह जमीन पर जा गिरा और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जिसकी सूचना डायल 112 पर मिली और मौके पर पहुंची। पुलिस ने युवक को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां पर डॉक्टर द्वारा 25 वर्षीय को मृत घोषित कर दिया गया। गुरुवार को पोस्टमार्टम कर सब परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया एवं मर्ग कायम कर पूरे मामले को विवेचना में लिया गया।

## निरीक्षण के दौरान शाखा प्रबंधक के खिलाफ कार्रवाई करने पत्र लिखा

# कलेक्टर ने लापरवाही बरतने वाले अफसर व कर्मियों पर कसी नकेल



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जिले में निचले स्तर के सिस्टम से जुड़े कर्मचारी सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं। जमीनी आधार पर मिल रही शिकायतों के बाद जब कलेक्टर ने पिपरई और मुंगावली क्षेत्र का दौरा किया तब कई शालाओं में अनियम्मिताएं देखने को मिलीं। जिसे लेकर उन्होंने दो शिक्षकोंको निलंबित किया है। वहीं पिपरई के कृषि विस्तार अधिकारी के निलंबन के साथ सहकारी बैंक चन्देरी के प्रबंधक के खिलाफ भी कार्यवाही को लेकर पत्र लिखा गया है।

कलेक्टर आदित्य सिंह ने गुरूवार को तहसील पिपरई के ग्राम बैधाई की आंगनबाडी केंद्र का निरीक्षण किया।निरीक्षण में उन्होंने बच्चों की उपस्थिति, कुपोषित बच्चों की जानकारी, मोरिंगा पाउडर, वजन मशीन एवं बच्चों को मिलने वाले नाश्ता एवं भोजन की जानकारी लेकर आंगनबाडी कार्यकर्ता को आवश्यक निर्देश दिए गए। ग्राम बैधाई के ग्रामीणों से की चर्चा। भ्रमण के दौरान ग्राम बैधाई के आंगनबाडी. केंद्र के निरीक्षण के पश्चात ग्रामीणों से चर्चा की। उन्होंने स्कूल एवं आंगनबाड़ी केंद्र के संचालन के बारे में जानकारी ली। साथ ही ग्रामीणों की समस्याओं को सुना तथा निराकरण के निर्देश दिये।

### जियाजीपुर में खाद पर्याप्त उपलब्ध होने के बाद भी वितरण नहीं

कलेक्टर आदित्य सिंह ने गुरूवार को ग्राम जियाजीपुर में खाद वितरण स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने खाद वितरण व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के समय यह तथ्य सामने आया कि खाद की पर्याप्त उपलब्धता होने पर भी इस समिति में माह अक्टूबर में किसी भी किसान को खाद का वितरण नही किया गया। इस दौरान खाद वितरण केंद्र पर अनियमितताएं मिलने पर संबंधित अधिकारियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्राथमिक विद्यालय जियाजीपुर का निरीक्षण किया।

### कलेक्टर ने दो प्राथमिक शिक्षकों को किया निलंबित

कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा गुरूवार को विकासखण्ड चंदेरी के शासकीय प्राथमिक विद्यालय बैधाई तथा शासकीय प्राथमिक विद्यालय जियाजीपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्राथमिक शिक्षक संतोष भगत एवं जियाजीपुर के शिक्षक नीलम सिंह टडैया अनुपस्थित मिले। दोनों शिक्षकों को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया। उल्लेखनीय है कि विकासखण्ड चंदेरी के शासकीय प्राथमिक विद्यालय बैधाई के शिक्षक संतोष भगत शिक्षक जैसे जिम्मेदार पद पर पदस्थ होकर शैक्षणिक कार्य में रूचि न लेने, अपने पदीय दायित्वों एवं कर्तव्यों के विपरीत होकर गंभीर कदाचार गंभीर कदाचार एवं उदासीनता बरतने पर निलंबन की कार्यवाही की गई।निलंबन अबधि में इनका मुख्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी चंदेरी रहेगा। विकासखण्ड चंदेरी के शासकीय प्राथमिक विद्यालय ग्राम जियाजीपुर प्राथमिक शिक्षक नीलम सिंह टडैया निरीक्षण के दौरान शिक्षक अनुपस्थित मिले। शिक्षक जैसे जिम्मेदार पद पर पदस्थ होकर शैक्षणिक कार्य में रूचि न लेने, अपने पदीय दायित्वों एवं कर्तव्यों के विपरीत होकर गंभीर कदाचार गंभीर कदाचार एवं उदासीनता बरतने पर निलंबन की कार्यवाही की गई। निलंबन अबधि में इनका मुख्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी चंदेरी रहेगा।

### ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी निलंबित

कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा तहसील पिपरई के ग्राम डोंगर में खाद वितरण कार्य में लापरवाही बरतने पर, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी गणेश मकरिया को तत्काल प्रभाव सें निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय राजस्व कार्यालय चंदेरी रहेगा। ब्रांच मैनेजर मोहन सिंह रघुवंशी का प्रस्ताव कार्यवाही हेतु गुना अग्रेशित कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित्त चंदेरी के ब्रांच मैनेजर मोहन सिंह रघुवंशी के विरुद्ध खाद वितरण के कार्य में लापरवाही बरतने के कारण अनुशासनात्मक कार्यवाही किये जाने हेतु अनुशंसा पत्र कलेक्टर एवं बैंक प्रशासक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित गुना को प्रेषित किया गया है।

## गोपाल अष्टमी पर घायल हुई बछिया, गोशाला की उठी मांग



**दिनारा/** दिनारा गोपाल अष्टमी जैसे पावन पर्व पर, जब पूरा क्षेत्र भगवान श्रीकृष्ण और गौ माता की पूजा में लीन था, उसी दिन एक हृदय विदारक घटना ने सबको झकझोर दिया। काली पहाड़ी मार्ग पर सड़क पार कर रही एक गौ माता की बछिया को तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद बछिया घायल अवस्था में सड़क किनारे तड़पने लगी, लेकिन पास खड़े लोग असहाय होकर देखते रह गए। इस बीच क्षेत्र के जाने-माने गौसेवक कल्लू महाराज मौके पर पहुंचे। उन्होंने बिना देर किए घायल बछिया को अपनी जिम्मेदारी समझकर उठाया, उसे लोडिंग वाहन से पशु चिकित्सक तक पहुँचाया और उपचार करवाया। यह दृश्य देखकर ग्रामीणों की आँखें नम हो गईं। सभी ने कहा कि ऐसे सेवाभावी लोग ही समाज को संवेदना का पाठ पढ़ाते हैं। कल्लू महाराज ने कहा कि ह्लगोपाल अष्टमी जैसे शुभ दिन पर गौ माता का सड़क पर घायल होना एक संकेत है कि अब हमें जागना होगा। उन्होंने कहा कि दिनारा क्षेत्र में गौशाला की तत्काल आवश्यकता है, क्योंकि बेजुबान गौवंश सड़कों पर खुले में घूमते हैं और रोज किसी न किसी हादसे का शिकार बनते हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से निवेदन किया कि ह्लदिनारा में एक स्थायी गौशाला का निर्माण कराया जाए ताकि इन निरीह प्राणियों को सुरक्षित ठिकाना मिल सके। साथ ही उन्होंने क्षेत्रीय विधायक श्री रमेश खटीक से भी आग्रह किया कि ह्लजैसे आपके प्रयासों से दिनारा में कॉलेज की स्वीकृति मिली, वैसे ही आपके सहयोग से गौशाला भी बन सकती है। कल्लू महाराज ने कहा कि वर्तमान में प्रदेश में डबल इंजन की सरकार है, और यदि जनसेवा की भावना से पहल हो तो गौ माता के लिए यह सौगात देर नहीं लगेगी। उन्होंने कहा कि रोज सड़कों पर घायल होती या दम तोड़ती गौ माताओं को देखकर आत्मा रो उठती है। यह सिर्फ हादसा नहीं, बल्कि समाज की संवेदनहीनता का परिणाम है। उन्होंने प्रशासन से अपील करते हुए कहा कि गौशाला निर्माण को प्राथमिकता दी जाए ताकि किसी भी गोवंश को फिर सड़क पर तड़पकर अपने प्राण न गंवाने पड़ें। गोपाल अष्टमी के दिन घायल बछिया का उपचार कराकर कल्लू महाराज ने यह संदेश दिया कि सच्ची पूजा वही है जिसमें सेवा और करुणा हो।

### आरटीओ ने की वाहनों की सघन चैकिंग जारी

**अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह एवं पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में यात्री बसों की संघन चैकिंग जिला परिवहन अधिकारी रंजना सिंह कुशवाह द्वारा की जा रही है। इसी क्रम में बसों की चैकिंग के दौरान 32 हजार 500 रूपये का चालान किया गया। साथ ही यात्री बसों की फिटनेस एवं सुरक्षा मापदण्डों की जांच की गई।

## कलेक्टर ने मातहतों को दिलाई राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ



हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी

राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर आज जिलाधीश कार्यालय के सभाकक्ष में शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी द्वारा उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई गई। अपर कलेक्टर दिनेश चंद्र शुक्ला सहित डिप्टी कलेक्टर एवं अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। इस अवसर पर सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करने तथा देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु अपने योगदान का संकल्प लिया। राष्ट्रीय एकता दिवस शपथ ह्लमैं सत्यनिष्ठा से शपथ लेता हूँ कि मैं राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करूंगा और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भरसक प्रयत्न करूंगा। मैं यह शपथ अपने देश की एकता की भावना से ले रहा हूँ जिसे सरदार वल्लभभाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यों द्वारा संभव बनाया जा सका। मैं अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने का भी सत्यनिष्ठा से संकल्प करता हूँ।

### राष्ट्रीय एकता दिवस पर शिवपुरी में रन फॉर यूनिटी का आयोजन

# हजारों प्रतिभागियों ने साथ में दौड़कर एकता और अखंडता का दिया संदेश

**शिवपुरी।** भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर आज शिवपुरी में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर ह्लरन फॉर यूनिटीह्व का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें शहर भर से हजारों नागरिकों, छात्र-छात्राओं, अधिकारियों और स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।





पुलिस परेड ग्राउंड शिवपुरी से प्रारंभ होकर यह दौड़ एम.एम.हॉस्पीटल, अग्रसेन चौक, लॉटरी चौराहा और कोर्ट रोड से होती हुई पुनः परेड ग्राउंड पर समाप्त हुई। दौड़ के आरंभ में कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी ने उपस्थित जनसमूह को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई और कहा कि सरदार पटेल के आदर्श आज भी राष्ट्र को एक सूत्र में बांधने की प्रेरणा देते हैं।

इस मौके पर पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ सहित जिले के वरिष्ठ अधिकारी और नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सहभागी स्कूली और महाविद्यालयीन विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ राष्ट्रीय नारों की गूंज से माहौल को ऊर्जावान बनाया। आयोजन का उद्देश्य देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति नागरिकों में जागरूकता और समर्पण की भावना को सुदृढ़ करना रहा। कार्यक्रम का समापन सामूहिक राष्ट्रगान के साथ किया गया।

जिला प्रशासन द्वारा इस आयोजन को सफल बनाने में सभी विभागों और नागरिकों के सहयोग हेतु आभार व्यक्त किया गया। रन फॉर यूनिटी शिवपुरी में राष्ट्रीय एकता और सामूहिक संकल्प का उज्जवल प्रतीक बन गई।

### पूर्व मंत्री भैया साहब लोधी ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र, किसानों को मुआवजा देने की मांग



भैया साहब लोधी
पूर्व मंत्री
मध्यप्रदेश शासन

निवास:
नई बस्ती पिछोर,
जिला-शिवपुरी (म.प्र.) 473995
मो. : 9425011660

निवास : सी-37/ए, सेक्टर-सी, कस्तूरबा नगर, भोपाल (म.प्र.) मो.: 9425011660

क्रमांक Q-120 दिनांक 29/10/2025

प्रति,
माननीय मुख्यमंत्री महोदय,
मध्यप्रदेश शासन भोपाल

विषयः– विधानसभा क्षेत्र 26 पिछोर के अंतर्गत जनपद खनियाधाना एवं पिछोर में बेमौसम वर्षा होने के कारण फसलो को हुई क्षति का सर्वे कराकर मुआवजा राशि दिलाये जाने संबध में

मान्यवर,

उपरोक्त विषय में अनुरोध है कि मेरी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत जनपद जनपद खनियाधाना एवं पिछोर में बेमौसम वर्षा दिनांक 26,27 व 28 अक्टूबर 2025 को व लगातार हो रही बेमौसम वर्षात से धान एवं मूंगफली की फसल जो कटने के लिये तैयार खडी श्री तथा मूंगफली खेतो में उखडी हुई रखी थी अतिवृष्टि होने से फसलो को भारी नुकसान हुआ है तथा खेतों में आज भी पानी भरा हुआ है।

अतः मान्यवर से अनुरोध है कि बेमौसम हुई वर्षा के कारण फसलों को हुये नुकसान का व्यापक रूप से सर्वे कराकर मुआवजा राशि देने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करने की कृपा करे।

प्रतिलिपिः– कलेक्टर महोदय जिला शिवपुरी

भवदीय
भैयासहाब लोधी
पूर्व मंत्री मध्यप्रदेश शासन

**शिवपुरी।** जिले के पिछोर विधानसभा क्षेत्र में बेमौसम बारिश से किसानों की फसलों को हुए भारी नुकसान को लेकर पूर्व मंत्री भैया साहब लोधी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर स्थिति से अवगत कराया है। पूर्व मंत्री लोधी ने अपने पत्र में बताया कि जनपद खनियाधाना एवं पिछोर क्षेत्र में 26, 27 और 28 अक्टूबर 2025 को हुई बेमौसम वर्षा के कारण सैकड़ों किसानों की फसलें पूरी तरह से बर्बाद हो गई हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि प्रभावित किसानों की स्थिति का सर्वे कराकर उन्हें उचित मुआवजा एवं राहत राशि उपलब्ध कराई जाए। लोधी ने कहा कि प्राकृतिक आपदा के कारण किसानों को भारी आर्थिक हानि हुई है, इसलिए राज्य सरकार को तुरंत राहत कार्य शुरू करने चाहिए ताकि किसानों को संबल मिल सके।



### भीम आर्मी वरिष्ठ प्रदेश सचिव महेंद्र बौद्ध शिवपुरी ने एसपी को धन्यवाद दिया

शिवपुरी। जिला अस्पताल से चोरी हुई नवजात बच्ची को सही सलामत 10 घंटों में आरोपी महिला सहित बच्ची को सुरक्षित मां से मिलाया! शिवपुरी एस पी अमन सिंह राठौर ने एवं समस्त स्टाफ सहित और करैरा विधानसभा में हो रहे तमाम अवैध कार्यों के बारे में विस्तार से अवगत कराया महेंद्र बौद्ध वरिष्ठ प्रदेश सचिव भीम आर्मी ,रविन्द्र नरवरिया पूर्व विधानसभा अध्यक्ष भीम आर्मी करेरा चांद खान वरिष्ठ कार्यकर्ता भीम आर्मी सहित मुलाकात की।

## महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं को साइबर सुरक्षा से अवगत कराते हुए शपथ दिलाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अशोकनगर में साइबर सुरक्षा शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। भारत सरकार की पहल के अंतर्गत अक्टूबर माह को राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरूकता के रूप में मनाया जा रहा है। इसी श्रृंखला में इस अवसर पर विद्यार्थियों ने शपथ ली कि वे इंटरनेट उपयोग जिम्मेदारी एवं सुरक्षित रूप से करेंगे।

कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य डॉ. रेनू राजेश ने विद्यार्थियों को डिजिटल सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज के डिजिटल युग में स्वयं की जानकारी और गोपनीयता की सुरक्षा अत्यंत आवश्यक है। डॉ. विजय सिंह ने विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार के साइबर अपराधों के बारे में जानकारी दी तथा उनसे सतर्क रहने की अपील की। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा उच्च शिक्षा संस्थानों के लिए जारी किए गए। क्या करें और क्या न करें संबंधी दिशानिर्देशों से भी अवगत कराया गया। इस उद्देश्य से महाविद्यालय परिसर में जागरूकता पोस्टर प्रदर्शित किए गए ताकि विद्यार्थी साइबर सुरक्षा के प्रति सजग रह सकें। शपथ ग्रहण के समय डॉ. दीक्षा भट्ट, डॉ. रीना वसुनीय सहित महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें एक जिम्मेदार डिजिटल नागरिक बनने के लिए प्रेरित करना था।

## जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित, अनेक निर्णय भी लिए



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

कलेक्टर आदित्य सिंह की अध्यक्षता में गुरूवार को जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्टर कान्फ्रेंस कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा, जिला परिवहन अधिकारी रंजना सिंह कुशवाह सहित संबंधित विभागों के जिला अधिकारी एवं बस एसोसिएशन के पदाधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर ने जिले में चिन्हित ब्लॉक स्पॉटो के सुधार एवं निगरानी के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने के लिए शहर में नये पार्किंग स्थलों का चिन्हांकन कर उन्हें पेड पार्किंग बनाई जाए। उन्होंने गांधी पार्क, मिलन तिराहा, अस्पताल तिराहा से अतिक्रमण हटाये जाने के निर्देश नगरपालिका एवं यातायात विभाग को दिए। उन्होंने शहर के मुख्य मार्ग से आवारा पशुओं को हटाकर पशुओं को यथोचित स्थान पर शिफ्ट कराये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने राजघाट चंदेरी अंतर्गत प्राणपुर घाटी मार्ग पर सड़क दुर्घटना में कमी लाये जाने हेतु आवश्यक सुरक्षात्मक उपाये किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राहवीर योजना के तहत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को समय पर अस्पताल पहुंचाने वाले नागरिकों को 25 हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। इस योजना का जिले में व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार किये जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। सेन तिराहे से राजमाता चैराहे तक डिवाइडरों में बने अनावश्यक कट पॉइट बंद कराये जाने के संबंध में आवश्यक चर्चा कर निर्देश दिए। नगरपालिका द्वारा क्रेन किराये पर लेने के संबंध में चर्चा की गई। उन्होंने सभी यात्री बस संचालकों को मोटरयान नियम के अनुसार वैद्य दस्तावेज के साथ एवं परमिट की शर्तों एवं सुरक्षा व्यवस्था के मानकों के आधार पर वाहन संचालन किये जाने के संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने माननीय उच्च न्यायालय में लंबित याचिका के अंतर्गत दो पहिया वाहन सवार द्वारा हेलमेट धारण करने एवं चार पहिया वाहन सवार चालकों द्वारा सीटबेल्ट धारण करने का पालन सुनिश्चित कराने जाने के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। ट्रॉली निर्माताओं को निर्देशित किया जाए कि ट्रॉली निर्माण के पश्चात रेडियम की पट्टी लगाई जाए। उन्होंने प्रायवेट स्कूलों के लिए संचालित वाहनों की सतत जांच किये जाने के निर्देश दिए।

यात्रियों की जान बचाने पर प्रधान आरक्षक तथा बस के क्लीनर को कलेक्टर एवं एसपी ने सम्मानित किया। 25 अक्टूबर को पिछोर से ईसागढ़ होते हुए इंदौर की ओर जा रही कमला ट्रेवल्स की बस थी।

## गोविंदनगर व पलका टोरी शाला समय से पूर्व मिले बंद



हरिभूमि न्यूज ⏭ ईसागढ़

मध्यप्रदेश सरकार द्वारा शिक्षा का अधिकार अधिनियम लागू कर गरीब और पिछले वर्ग के बच्चों को शिक्षा उपलब्ध कराने का दावा किया जा रहा है तो वहीं दूसरी ओर शासकीय विद्यालयों में पदस्थ शिक्षकों के द्वारा बच्चों की उपस्थिति पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है जिससे विद्यालय में बच्चों की संख्या में लगातार गिरावट हो रही है।



शिक्षा विभाग के जिम्मेदार अधिकारी के द्वारा मॉनिटरिंग में लापरवाही और शिक्षकों को खुली छूट दी जा रही है जिस कारण उन्हें कोई डर नहीं है। जब पत्रकारों ने क्षेत्र का निरीक्षण किया तो देखा शासकीय माध्यमिक विद्यालय छपरा में 122 बच्चे दर्ज हैं जिसमें मात्र पांच बच्चे उपस्थित पाए गए और यहां 6 शिक्षक पदस्थ हैं ऐसे में एक शिक्षक पांच बच्चों को पढ़ाते हुए मिले और बाकी के पांच शिक्षक कार्यालय में बैठकर बातें करते हुए मिले। वही गोविंद नगर शासकीय प्राथमिक विद्यालय 3:30 बजे बंद मिला और शासकीय प्राथमिक विद्यालय पलकाटोरी 3:55 पर बंद मिला जिससे यह पता चलता है कि शिक्षकों को कलेक्टर व अन्य अधिकारियों का कोई भय नहीं है।

इस कारण बच्चों की कम उपस्थिति थी। स्व सहायता समूह के द्वारा दिया जाने वाला मध्यान भोजन से भी बच्चे वंचित हो रहे हैं ऐसे में सीएसी और बीएसी की मॉनिटरिंग पर भी सवाल खड़े हो रहे है।